हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार 5 जून 2026

13 अमेरिका के साथ ट्रेड डील का विरोध, किसानों ने फूंके पुतले



14 पानी की बर्बादी रोकने के लिए अधिकारियों को फील्ड में उतारा



## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भूथन कलां गांव में एक व्यक्ति पर लाठियों और तलवार से हमला करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने तीन और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान भूथन कलां निवासी कुलदीप, अशोक कुमार और मनोज कुमार के रूप में हुई है। इस मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि भूथन कलां निवासी मानसिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसने गांव में 7 एकड़ जमीन खरीद रखी है।

### हेरोइन सहित चुहड़पुर का युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रंगोई नाला पुल के पास नाकाबंदी कर थाना जाखल पुलिस ने एक युवक को 7.50 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी चुहड़पुर का रहने वाला है, जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम नशीले पदार्थों की रोकथाम और गश्त के सिलसिले में गांव म्योद खुर्द क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की।

### चोरीशुदा स्कूटी सहित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने स्कूटी चोरी की वारदात को सुलझाते हुए आरोपी को शहर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा स्कूटी भी बरामद की है। शहर थाना प्रभारी ने वीरवार को बताया कि सिरसा निवासी संजीव कुमार ने पुलिस को शिकायत दी कि उसकी स्कूटी पार्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बाहर से अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। शिकायतकर्ता संजीव कुमार ने बताया कि उसकी बेटी किसी काम से स्कूल में गई थी। उसने स्कूटी स्कूल के बाहर खड़ी कर दी। कुछ देर बाद बाहर आई तो स्कूटी गायब थी।

### पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 31 जुलाई तक

**सिरसा।** प्रदेश सरकार द्वारा पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री सहित प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की सिफारिशों के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शुमार इन पुरस्कारों की घोषणा 26 जनवरी, 2027 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। जारी निर्देशों अनुसार पद्म पुरस्कारों के लिए सिफारिशें 10 जून तक भेजी जानी चाहिए। वहीं केंद्र सरकार द्वारा केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भेजे गए नामांकन या सिफारिशें ही स्वीकार की जाएंगी। इन पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन/सिफारिशें शुरू हो चुकी हैं और नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 है।

## नाम में छोटी-सी गलती रोक सकती है पंजीकरण

# मेरी फसल मेरा ब्यौरा में बदलाव : अब हर खसरा नंबर के लिए अलग ओटीपी अनिवार्य

सुरेन्द्र असीजा ⏭ फतेहाबाद

प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए संचालित मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल की पंजीकरण प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। मई से लागू किए गए नए नियमों के तहत अब ठेके और बटाई पर खेती करने वाले किसानों को प्रत्येक खसरा नंबर के लिए अलग-अलग ओटीपी सत्यापन करवाना होगा। इसके साथ ही आधार कार्ड और राजस्व रिकॉर्ड यानि फर्द में दर्ज नाम का शत-प्रतिशत मिलान भी अनिवार्य कर दिया गया है। कृषि विभाग के अनुसार नई व्यवस्था का उद्देश्य फर्जी पंजीकरण रोकना, वास्तविक काश्तकारों की पहचान सुनिश्चित करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ सही किसानों तक पहुंचाना है। विभाग का मानना है कि जमीन रिकॉर्ड और किसान के दस्तावेजों के बीच किसी भी प्रकार की विसंगति से भविष्य में विवाद और अनियमितताओं की संभावना रहती है, इसलिए सत्यापन प्रक्रिया को पहले से अधिक सख्त बनाया गया है।



**फतेहाबाद।** खेत में काम करता किसान। *(फाइल फोटो)*

### पंजीकरण नहीं कराया तो क्या होगा नुकसान

मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण किसानों के लिए कई सरकारी सुविधाओं से जुड़ा हुआ है। पंजीकरण न होने की स्थिति में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल बेचने, प्राकृतिक आपदा या ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा प्राप्त करने, फसल बीमा क्लेम लेने तथा खाद-बीज एवं अन्य कृषि अनुदान योजनाओं का लाभ लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर लें।

### किसानों के लिए जरूरी सलाह

कृषि विभाग ने किसानों को पंजीकरण शुरू करने से पहले सभी दस्तावेजों की जांच करने की सलाह दी है। किसानों को चाहिए कि वे आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि और अन्य विवरणों का सत्यापन करें। मेरी फर्द ऐप या राजस्व विभाग से फर्द निकलवाकर नाम और भूमि विवरण की जांच करें। सुनिश्चित करें कि भूमि मालिक का सही मोबाइल नंबर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हो।

### अब एक ओटीपी से नहीं होगा काम

पहले किसान एक ही ओटीपी के माध्यम से पूरी भूमि का पंजीकरण कर सकता था, लेकिन अब प्रत्येक खसरा और हिस्से के लिए संबंधित भूमि मालिक के मोबाइल नंबर पर अलग ओटीपी भेजा जाएगा। जब तक सभी ओटीपी का सत्यापन नहीं होगा, तब तक पंजीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं मानी जाएगी। यदि किसी किसान ने अलग-अलग मालिकों से जमीन ठेके पर ली हुई है तो उसे प्रत्येक मालिक से ओटीपी प्राप्त कर सत्यापन करवाना होगा। ऐसे में ठेकेदार और बटाईदार किसानों को पहले से भूमि मालिकों से संपर्क बनाए रखना होगा।

### भूमि रिकॉर्ड में दर्ज नाम का हर अक्षर मिलना जरूरी

नए नियमों के तहत आधार कार्ड और भूमि रिकॉर्ड में दर्ज नाम का अक्षर-अक्षर मिलना जरूरी होगा। उदाहरण के तौर पर यदि आधार कार्ड में नाम राम कुमार है और फर्द में राम कुमार सिंह दर्ज है तो आवेदन अस्वीकार हो सकता है। इसी प्रकार जन्मतिथि, जेंडर अथवा अन्य पहचान संबंधी विवरणों में अंतर होने पर भी तकनीकी समस्या आ सकती है।

### पंजीकरण फेल होने के तीन प्रमुख कारण

- आधार कार्ड और जमीन रिकॉर्ड में नाम या अन्य विवरण का मेल न होना।
- जमीन मालिक का मोबाइल नंबर राजस्व रिकॉर्ड में अपडेट न होना, जिससे ओटीपी प्राप्त न हो सके।
- ठेके पर ली गई जमीन के प्रत्येक खसरा नंबर के लिए अलग ओटीपी सत्यापन पूरा न होना।

## वाइस चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की बैठक टली

- एडीसी का अचानक छुट्टी पर चले जाना बना वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पंचायत समिति के राजनीतिक गलियारों में उस समय नाटकीय मोड़ आ गया, जब वाइस चेयरमैन मदनलाल के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाली अहम बैठक को ऐन वक्त पर रद्द करना पड़ा। वीरवार दोपहर 2 बजे लघु सचिवालय में बुलाई गई इस बैठक के टलने की मुख्य वजह एडीसी अनुराग ढालिया का अचानक छुट्टी पर चले जाना रहा। बैठक रद्द होने का संदेश मिलते ही समिति सदस्यों को अब अगली तारीख 11 जून मुकर्रर की गई है, जिससे वाइस चेयरमैन की कुर्सी को फिलहाल एक हफ्ते की संजीवनी मिल गई है।



वाइस चेयरमैन मदनलाल।

### साख बचाने के लिए चाहिए 20 वोट

फतेहाबाद पंचायत समिति में चेयरपर्सन सहित कुल 29 सदस्य हैं। नियमों के तहत वाइस चेयरमैन को अपनी कुर्सी सुरक्षित रखने के लिए कम से कम 20 सदस्यों के मजबूत समर्थन की आवश्यकता है।

### पहले चेयरपर्सन और अब वाइस चेयरमैन पर निशाना

*यह पहला मौका नहीं है जब फतेहाबाद पंचायत समिति में बगावत के सुर उठे हों। इससे पहले भी कुछ नाराज सदस्यों ने चेयरपर्सन पूजा चराईपौत्रा को पद से हटाने की घेराबंदी की थी, लेकिन तब पार्टी संगठन के कड़े हस्तक्षेप के चलते उनकी कुर्सी बच गई थी। चेयरपर्सन के बाद अब असंतुष्ट धड़े ने अपना पूरा ध्यान वाइस चेयरमैन को पदमुक्त करने पर केंद्रित कर दिया है।*

### सर्वसम्मति से अविश्वास तक का सफर

गौरतलब है कि जनवरी 2023 में तत्कालीन विधायक दुड़ाराम के प्रयासों और राजनीतिक चातुर्य से इस पंचायत समिति का गठन पूरी तरह सर्वसम्मति से हुआ था। उस समय भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के दौरान जजपा नेताओं ने चेयरपर्सन पद के लिए पूरा जोर लगाया था, लेकिन विधायक दुड़ाराम ने 30 में से 29 सदस्यों को एकजुट कर वार्ड-14 से पूजा अजय चराईपौत्रा को चेयरपर्सन और वार्ड-30 से मदनलाल को वाइस चेयरमैन मनोनीत करवाया था। हालांकि, समय बीतने के साथ ही आपसी समीकरण बदल गए और जो सदस्य कभी सर्वसम्मति का हिस्सा थे, आज वही अविश्वास प्रस्ताव लेकर आमने-सामने खड़े हैं।

## चिन्ना हत्याकांड: पुलिस ने 5 आरोपी दबोचे

- हत्या के बाद हरिद्वार भागने की फिराक में थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

सचिन उर्फ चिन्ना हत्याकांड में सीआईए और भूना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त टीम ने बुधवार देर शाम कार्रवाई करते हुए मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने वीरवार को सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर के पुलिस रिमांड पर लिया है। हत्यारोपियों की पहचान खैरी चौक निवासी प्रवेश उर्फ मिचू, कंबोज मोहल्ला निवासी कार्तिक उर्फ कारु, दीपक उर्फ बिल्ला, वार्ड नंबर-1 निवासी संजय उर्फ चिड़ीमार तथा वार्ड नंबर-9 निवासी अमन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी हत्या के बाद हरिद्वार भागने की फिराक में थे।



**भूना।** सचिन उर्फ चिन्ना हत्याकांड में शामिल आरोपियों को काबू किए हुए थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई और उनकी टीम। *फोटो: हरिभूमि*

### जांच जारी

हिसार रोड निवासी दीपक उर्फ बिल्ला पिछले छह वर्षों से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय बताया जा रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उसके खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास, हवाई फायरिंग, अवैध हथियार रखने, मारपीट तथा एनडीपीएस एक्ट सहित छह मुकदमे दर्ज हैं। सूत्रों के अनुसार 6 अक्टूबर 2021 की रात को ठेकेदार पंकज खुराना हत्याकांड से पहले दीपक उर्फ बिल्ला ठेकेदार के कार्यालय की रेकी में शामिल था। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि पुलिस अब रिमांड के दौरान पूरे नेटवर्क और वारदात की साजिश से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## आखिरकार थाने पहुंचा मामला एफआईआर में अभी भी इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रानियां

क्षेत्र के गांव फिरोजाबाद के श्मशान घाट में हरे पेड़ों को उखाड़े जाने का मामला आखिरकार पुलिस थाना तक पहुंच गया है, लेकिन एफआईआर दर्ज होने का इंतजार अभी भी बरकरार है। डेढ़ वर्ष पुराने इस मामले में जांच पूरी हो चुकी है, जिम्मेदारी तय हो चुकी है और आदेश भी जारी हो चुके हैं, बावजूद इसके कार्रवाई का अंतिम चरण अभी बाकी है। शिकायत के बाद प्रशासनिक स्तर पर मामले की जांच करवाई गई थी। जांच में जिम्मेदारी तय होने के बाद संबंधित अधिकारियों ने कार्रवाई के निर्देश जारी किए थे। इसके बावजूद मामला डेढ़ वर्ष तक अलग-अलग कार्यालयों में घूमता रहा और अब पुलिस कार्रवाई तक पहुंचा है। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद फाइल जिला उपायुक्त कार्यालय में करीब दो महीने तक लंबित रही। इसके बाद मामला खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय पहुंचा, जहां भी 16 महीने तक प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। ,

### जल्द पूरी होगी कार्रवाई

29 मई को सरपंच प्रतिनिधि थाना रानियां पहुंचे, लेकिन पुलिस की ओर से संबंधित विभाग की अनुशंसा मांगी गई। 2 जून को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने पत्र क्रमांक 807 के माध्यम से ग्राम पंचायत के प्रस्ताव की प्रति पुलिस थाना रानियां को भेजते हुए अपनी अनुशंसा भी कर दी। थाना प्रभारी गुरनमिंदर सिंह मान का कहना है कि उच्च अधिकारियों से सलाह ली जा रही है कि मामले में कौन-कौन सी धाराएं लगाई जानी हैं। जल्द ही कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

## डीसी ने समाधान शिविर में सुनीं जनशिकायतें



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायते सुनते डीसी डॉ. विवेक भारती।

**फतेहाबाद।** जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर आमजन को राहत पहुंचा रहे हैं। यह बात डीसी डॉ. विवेक भारती ने कही। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने बताया कि जिला एवं उपमंडल मुख्यालयों पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का मौके पर समाधान करने का प्रयास किया जाता है।

### अफीम तस्करी में यूपी से युवक को दबोचा

**फतेहाबाद।** भारी मात्रा में अफीम तस्करी के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने यूपी से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के चोदेला शिकारपुर निवासी प्रेम बाबू के रूप में हुई है। बता दें कि करीब 3 किलो अफीम बरामदगी के इस मामले में पुलिस चार तस्करों को पहले ही जेल की सलाखों के पीछे भेज चुकी है। थाना सदर प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि गत एक जून को पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से कुछ तस्कर अफीम की एक बड़ी खेप लेकर फतेहाबाद में सप्लाई करने आ रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एनएच-9 स्थित धांगड़ बाईपास पुल के नीचे विशेष नाकाबंदी की।

## निलंबित एएफएम ने एसई पर लगाए आरोप

- कहा- बात सुनने तक को नहीं मिले अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम डीएचबीवीएन के भूना उपमंडल में कार्यरत निलंबित एएफएम लक्ष्मण दास ने निगम के अधीक्षण अभियंता (एसई) एस.एस. रॉय पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वीरवार को उन्होंने कहा कि निलंबन के बाद अपनी बात रखने के लिए वह एसई कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन उन्हें मिलने का अवसर नहीं दिया गया। लक्ष्मण दास का आरोप है कि एसई ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया और कार्यालय से बाहर जाने के लिए कहा। उन्होंने यह भी दावा किया कि बाद में जब वह भूना एसडीओ कार्यालय पहुंचे तो वहां से भी उन्हें बाहर निकाल दिया गया। निलंबित एएफएम ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ की गई कार्रवाई अनुचित है तथा उन्हें परेशान करने के उद्देश्य से निलंबित किया गया है। उन्होंने डीएचबीवीएन प्रबंधन से मामले की जांच कर एसई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



### निलंबित एएफएम ने दी सफाई

लक्ष्मण दास ने बताया कि करीब 10 दिन पहले उन्हें भूना सिटी क्षेत्र में जेई का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। उन्होंने कहा कि वह विभागीय नियमों के अनुसार लंबित कार्यों को पूरा कराने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा परियोजना से संबंधित लाइन खड़ी कराने के कार्य में भी उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। बाद में उन्हें उक्त कार्य की जिम्मेदारी दी गई, जिसके तहत उन्होंने मौके पर जाकर किसानों व भूमि मालिकों से बातचीत कर कार्य आगे बढ़ाने का प्रयास किया। उनका कहना है कि उसी दिन शाम को उन्हें निलंबन आदेश थमा दिया गया।

### एसई का पक्ष नहीं मिल सका

*मामले में अधीक्षण अभियंता एस.एस. रॉय का पक्ष जानने के लिए उनसे मोबाइल फोन तथा कार्यालय के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनसे बात नहीं हो सकी। उनका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।*

### यह था मामला

गौरतलब है कि दो दिन पूर्व भूना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के ट्रांसफार्मर से फैक्टरी का बिजली कनेक्शन जोड़ने को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। उस दौरान एएफएम लक्ष्मण दास मौके पर पहुंचे थे। आरोप है कि पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए वीडियो बनानी शुरू कर दी, जिसके बाद कार्य रुक गया। मामले ने तूल पकड़ लिया और आरोप लगे कि कनेक्शन देने को लेकर दबाव बनाया जा रहा था। विरोध के चलते कनेक्शन नहीं हो सका। बाद में संबंधित वीडियो उच्च अधिकारियों तक पहुंची, जिसके आधार पर एसई एस.एस. रॉय ने एएफएम लक्ष्मण दास को निलंबित कर दिया।

## पुलिस ने चूरापोस्त तस्कर को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

**145 ग्राम नशा किया बरामद**

पुलिस ने गांव सुखचैन क्षेत्र से एक व्यक्ति को दो किलो 145 ग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। एनसीबी सिरसा इंचार्ज बनवारी लाल ने वीरवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव सुखचैन क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सुखविंद्र सिंह चूरापोस्त बेचने का धंधा करता है और चूरापोस्त बेचने की फिराक में है। पुलिस ने सूचना के आधार पर मौके पर दबिश देकर एक व्यक्ति को काबू कर लिया। तलाशी ली तो उसके थैले से दो किलो 145 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान सुखविंद्र सिंह के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



**सिरसा।** पकड़ा गया चूरापोस्त तस्कर।

**अभियान** तस्करों की अवैध संपत्तियों को भी किया ध्वस्त

# फतेहाबाद पुलिस ने मई माह में पकड़े 209 अपराधी व नशा तस्कर, 4.59 करोड़ से अधिक का नशा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अपराध और नशा तस्करी के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस ने मई के महीने में चौतरफा कार्रवाई करते हुए तस्करों के आर्थिक साम्राज्य को हिला कर रख दिया है। पुलिस ने न केवल नेटवर्क से जुड़े 209 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा, बल्कि करोड़ों रुपये के नशीले पदार्थ जब्त कर तस्करों की अवैध संपत्तियों पर भी हथोड़ा चलाया है। एसपी निकिता खट्टर के नेतृत्व में चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अपराधियों की केवल गिरफ्तारियां ही नहीं कीं, बल्कि संगठित अपराध की कमर तोड़ने के लिए उनकी वित्तीय रीढ़ पर भी सीधा प्रहार किया। पुलिस के अनुसार, मई माह में एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 59 मामले दर्ज कर 76 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई में करीब 4 करोड़ 59 लाख 31 हजार 960 रुपये कीमत के नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। इसमें हेरोइन 1993.89 ग्राम, जिसमें एक अकेले मामले में ही 3 करोड़ रुपये मूल्य की 1 किलो 510 ग्राम हेरोइन शामिल है बरामद की है। इसके अलावा 260.664 किलोग्राम चूरापोस्त, 3.478 किलोग्राम गांजा और 1.786 किलोग्राम अफीम, 2555 नशीली गोलियां और कैप्सूल बरामद किए है। पइसके साथ ही, कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस ने 3 बड़े नशा तस्करों की 23 लाख रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति को कुर्क करवाकर उनके आर्थिक नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया।

### अपराध के आर्थिक स्रोतों को खत्म करना लक्ष्य : एसपी



एसपी निकिता खट्टर ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जिले में अपराध और नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फतेहाबाद पुलिस नशा तस्करों और संगठित अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। हमारा ध्यान केवल अपराधियों को पकडने पर नहीं, बल्कि अपराध से अर्जित उनकी संपत्तियों को जब्त करने पर भी है, ताकि वे दोबारा सिर न उठा सकें। कानून तोडने वालों के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

### 18 घंटे में सुलझाए संपत्ति अपराध के 9 मामले

संपत्ति से जुड़े अपराधों, जैसे चोरी, स्नैचिंग और डकैती के खिलाफ भी पुलिस को कामयाबी मिली है। इस अभियान में पुलिस ने 25 मामलों का पटाक्षेप करते हुए 56 आरोपियों को दबोचा। इनके कब्जे से 7 लाख 30 हजार 700 रुपये की नकदी और अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस की सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इनमें से 9 मामलों को पुलिस ने महज 18 घंटे के भीतर सुलझा लिया। इसके अलावा, अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए 16 मामलों में 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनसे 454 बोतल देशी शराब, 142 बोतल हथकड़ शराब और 300 लीटर लाहन बरामद किया गया।

### साइबर क्राइम पर भी पैनी नजर

तकनीकी और साइबर अपराधों के मोर्चे पर भी फतेहाबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने 13 मामलों में 19 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 10 लाख 07 हजार 498 रुपये की ठगी राशि रिकवर की। साथ ही, 27 गुमशुदा मोबाइल फोन ढूंढकर उनके असली मालिकों को सौंपे। अइंटरनेट पर भड़काऊ और भ्रामक सामग्री फैलाने वाले 3 अकाउंट्स को बंद करवाया गया, जबकि 45 संदिग्धों को पुलिस ने नोटिस जारी कर चेतावनी दी है।

जागरूकता

डॉ. मोनिका शर्मा

# छोटे-छोटे कदम उठाकर हम करें पर्यावरण की रक्षा

बच्चो, विश्व पर्यावरण दिवस का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। आओ, हम अपने पर्यावरण की वर्तमान स्थिति के बारे में जानें। साथ ही इस बात को भी जानें कि हम बच्चे अपने पर्यावरण को कैसे प्रदूषणमुक्त और सुरक्षित रख सकते हैं।



बच्चो, हमारा पर्यावरण हमारे जीवन का आवरण है, जो हमें हर ओर से घेरे हुए है। प्यारे-प्यारे पशु-पक्षी, हरे-भरे पेड़ पौधे, सुंदर-मनमोहक नदी-पहाड़, समुंदर, तालाब और हम इंसान सब इस घेरे में ही रहते हैं। धरती, जल, आकाश और वायु से बना पर्यावरण यूं तो खुद को शुद्ध और स्वच्छ रखना जानता है, लेकिन हम इंसानों की एक्टिविटीज ही इसे दूषित कर रही हैं। इसीलिए पर्यावरण की संभाल-देखभाल बहुत जरूरी है। सबसे बड़ी बात यह है कि पर्यावरण की रक्षा हम छोटे-छोटे कदम उठाकर भी कर सकते हैं। तुम भी अपने रुटीन में कुछ आदतों को शामिल कर अपनी धरती और अपने पर्यावरण के रंगों को सहेज सकते हो। इसके लिए तुम्हें यह जानना चाहिए कि वे कौन से कारण हैं, जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है।



### बदलता मौसम

बच्चो, तुमने घर के बड़ों को अकसर यह कहते हुए सुना होगा कि पहले तो इतनी गर्मी नहीं होती थी। कुछ साल पहले तक ठिठुराने वाली ऐसी ठंड भी नहीं पड़ती थी। बरसात भी समय पर होती थी। अच्छी बारिश से हरियाली भी खूब रहती थी। लेकिन अब तुम खुद देख रहे हो कि मौसम का रूप पूरी रह बदल गया है। झुलसाने वाली गर्मी हो या कड़ाके की ठंड, मौसम के बदलते रंग-ढंग के पीछे पर्यावरण असंतुलन ही है। यह असंतुलन इंसानों की गतिविधियों से कुदरत को पहुंचे नुकसान का नतीजा है। यही स्थिति बनी रही तो प्यारी-प्यारी तितलियां, हरे-भरे पार्क, रंग-बिरंगे फूलों से सजा स्कूल कैंपस और सहन करने लायक मौसम हमारे लिए सपना बन जाएंगे।

### मौसम का बदलता पैटर्न

बच्चो, पर्यावरणीय असंतुलन की वजह से मौसम का पैटर्न भी बदलता है। मौसम के पैटर्न का बदलना हमारे जीवन के हर पहलू पर नकारात्मक असर डालता है। इससे बीमारियां बढ़ती हैं। बेमौसम बहुत ज्यादा बरसात होने से बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। बारिश की कमी से सूखे की स्थितियां बन जाती हैं। ऐसे में आने वाले कल की बेहतरी के लिए आज ही हम सबको सजग होना होगा। ग्लोबल वार्मिंग की अलार्मिंग स्थितियों में पर्यावरण रूपी अनमोल धरोहर की रक्षा में जुट जाना होगा। कुदरत के हर हिस्से से मिल रही वॉर्निंग्स को सुनना और हमारे पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में सही कदम उठाना हम सभी का कर्तव्य है।



### क्लाइमेट चेंज का नतीजा

बच्चो, क्लाइमेट चेंज का ही नतीजा है कि कहीं पहाड़ दरक रहे हैं तो कहीं नदियां सूख रही हैं। दुनिया के किसी कोने में ग्लेशियर पिघल रहे हैं, तो कहीं रेगिस्तान का विस्तार हो रहा है। ऐसा सब होना और तेजी से होना, वाकई चिंता की बात है। इस साल पर्यावरण दिवस पर लोगों को जागरूक करने वाला यह विषय साफ-साफ समझा रहा है कि हमारी धरती हमसे बहस नहीं करती। हमारा घर कहा जाने वाला यह प्लेनेट कोई बातचीत नहीं करता। यह सिर्फ संकेत भेजता है। ग्लेशियर पिघलने से बढ़ते समुद्र, जंगल में आग की बढ़ती घटनाएं, बेहद गरम या ठंडी हवाएं, ऐसी बहुत सी बातें बिगड़ते पर्यावरण के ही इशारे हैं। चिंता की बात है कि हम सब ऐसे सिग्नल्स की अनदेखी कर रहे हैं। हमारी प्यारी पृथ्वी द्वारा भेजे जा रहे संकेतों के प्रति नासमझ बने बैठे हैं। वर्ल्ड एनवॉयरनमेंट-डे हमारी इस लापरवाही को लेकर चेताने वाला दिन है।

### क्लाइमेट केयर है जरूरी

बच्चो, क्लाइमेट चेंज जैसी स्थिति से निपटने के लिए हमें प्रॉपर क्लाइमेट केयर करना होगा। तभी जाकर हमारा एनवॉयरनमेंट भी संतुलित और सुरक्षित रहेगा। इसके लिए तुम भी अपना योगदान दे सकते हो, बस तुम्हें अपने डेली-हैबिट्स में थोड़ा-सा बदलाव लाना होगा। पानी बचाना, फूड वेस्ट न करना, अपने कमरे से बाहर आते हुए बिजली-पंखे के स्विच बंद करना, कूड़ा-कचरा को सही जगह फेंकना, साफ-सफाई का ध्यान रखना... जैसी छोटी-छोटी बातें भी बहुत बड़ा बदलाव ला सकती हैं।

बच्चो, असल में बात केवल अपनी जिम्मेदारी समझने की है। पर्यावरण सहेजने के लिए घर के छोटे-बड़े सभी सदस्यों को क्लाइमेट वॉरियर बनना होगा। आस-पास जाने के लिए पैदल चलना या साइकिल का इस्तेमाल करने से लेकर अपने साथ एक थैला लेकर चलने और प्लास्टिक से दूरी बनाने तक। सब कुछ क्लाइमेट केयर से जुड़ा है। यूनाइटेड नेशंस द्वारा तय किया गया यह दिन, पर्यावरण की सेफ्टी और स्वास्थ्य के साथ ही दुनिया भर के लोगों की भलाई से भी जुड़ा है। ऐसे में क्लाइमेट केयर करना कहीं न कहीं खुद अपनी और अपने एनवॉयरनमेंट की देखभाल करने जैसा ही है। *




### जागरूक करता खास दिन

विश्व पर्यावरण दिवस, पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता लाने से जुड़ा एक विशेष दिन है। इससे जुड़ी अवेयरनेस कैंपेन में हर साल खास थीम के साथ लोगों को जागरूक किया जाता है। इस साल का विषय क्लाइमेट चेंज से जुड़ा है। इस साल पर्यावरण दिवस 'नाउ फॉर क्लाइमेट' थीम-टैगलाइन के तहत बिना देरी किए कार्रवाई करने का संदेश लिए है। यह पृथ्वी, पर्यावरण और मौसम के बदलावों से मिल रही चेतावनी को समझने से भी जुड़ा है।

बच्चो, बिजली की बचत और सौर ऊर्जा का अधिक उपयोग पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से बहुत जरूरी है। सौर ऊर्जा के महत्व, उसके इस्तेमाल के साथ जानो कि तुम किन तरीकों से बिजली की बचत में अपना योगदान दे सकते हो?

# बिजली और सौर ऊर्जा का समझदारी से करो उपयोग

पहल

डॉ. दीपक कोहली




बच्चो, राजमर्रा के जीवन में हमारे चारों तरफ बिजली यानी विद्युत ऊर्जा का इस्तेमाल कई तरह से होता है जैसे-घर, स्कूल, पार्क, खेल के मैदान, खेल के उपकरण और छोटे-छोटे खिलौने तक में। लेकिन क्या तुम जानते हो कि पृथ्वी पर सूरज से इतनी ऊर्जा आती है कि अगर हम इसका सही इस्तेमाल करें, तो बहुत सारी बिजली बचाई जा सकती है? सूर्य से मिलने वाली इस ऊर्जा को सौर ऊर्जा कहते हैं।

**क्या है सौर ऊर्जा:** सौर ऊर्जा सूरज की किरणों से प्राप्त होती है। यह स्वच्छ, प्राकृतिक और नवीकरणीय (रीन्यूएबल) ऊर्जा है। इसका मतलब है कि यह कभी खत्म नहीं होती और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाती। आजकल तो घरों, स्कूलों, स्ट्रीट लाइट और खेतों में पानी के पंप चलाने तक में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल होने लगा है।



**किस तरह करती है काम:** सूरज की किरणें जब सोलर पैनल पर पड़ती हैं, तो ये पैनल सूरज की रोशनी को विद्युत ऊर्जा में बदल देते हैं। यह बिजली घर में लाइट, पंखे और छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चलाने में काम आती है। सोचो, अगर हर घर और स्कूल में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल इस तरह से हो, तो बिजली की कमी नहीं होगी और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा।

**सौर ऊर्जा से करो ये छोटे-छोटे प्रयोग:** बच्चो, तुम घर या स्कूल में अपने पैरेंट्स की निगरानी में या फिर टीचर की गाइडेंस से छोटे सोलर पैनल से चलने वाले खिलौने बना सकते हो। इससे तुम्हें सौर ऊर्जा के काम करने का तरीका समझ में आएगा। दोस्तों के साथ मिलकर छोटे-छोटे प्रयोग और प्रतियोगिताएं आयोजित कर सकते हो। स्कूल में, घरों में और अन्य स्थानों पर सोलर पैनल लगाने के प्रयोग दिखाकर सभी को इसके बारे में बता सकते हो। इस प्रकार तुम सब बच्चे सौर ऊर्जा के बारे में समझकर, इसका प्रयोग करके और अपनी रोजमर्रा की आदतों में बदलाव लाकर ऊर्जा की बचत कर सकते हो, पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान दे सकते हो।

**तुम भी बचाओ ऊर्जा:** सोलर एनर्जी के यूज को बढ़ाने के साथ ही एनर्जी कंजर्वेशन यानी घरों में आने वाली विद्युत ऊर्जा की बचत करना भी जरूरी है। तुम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से ऊर्जा की बचत कर सकते हो। जैसे- जब कमरे में रोशनी की जरूरत न हो तो लाइट्स बंद कर दो। कमरे की खिड़कियों से आ रही प्राकृतिक रोशनी का इस्तेमाल करो। पंखे और टीवी जैसे इलेक्ट्रिक उपकरणों का जब इस्तेमाल नहीं करना हो तो इन्हें बंद कर दो। घर में सबके साथ मिलकर 'एक घंटा बिना बिजली' जैसी एक्टिविटी करो। अपने दोस्तों और भाई-बहनों को भी ऊर्जा बचाने के तरीकों के बारे में बताओ।

जरा सोचो बच्चो, अगर हर बच्चा अपने घर, स्कूल और आस-पास के क्षेत्र में बिजली का समझदारी से इस्तेमाल करे और सौर ऊर्जा का अधिक इस्तेमाल करे तो हमारे गांव, शहर और देश में बिजली की कितनी बचत होगी। साथ ही हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। *

तुम्हारे लिए प्रेरक किताब / विज्ञान भूषण

# पर्यावरण के प्रति हमें जागरूक बनाता उपन्यास

बच्चो, यह तो तुम जानते ही हो कि इस समय पूरी दुनिया पर पर्यावरण का संकट मंडरा रहा है। इस संकट को दूर करने में केवल बड़े ही नहीं बच्चे भी अपने स्तर पर प्रयास कर सकते हैं, लोगों में जागरूकता फैला सकते हैं। बाल उपन्यास 'हरियाली की ओर' भी कुछ ऐसा ही संदेश देता है। इसकी लेखिका प्रसिद्ध बाल साहित्यकार मीनू त्रिपाठी हैं, जिन्हें इस पुस्तक के लिए 'हरिकृष्ण देवसरे बाल साहित्यकार सम्मान-2025' से सम्मानित किया गया है।




इस उपन्यास की मुख्य पात्र वंशिका है, जो समझदार होने के साथ थोड़ी चंचल भी है। वह बहुत अच्छी एक्टिंग कर लेती है। इसीलिए थोड़ी नाराजगी के बावजूद नाटक मंचन का आयोजन करने वाले नीलेश सर, उसे स्कूल के समारोह में होने वाले नाटक (सिर सांठें रूंख..) के मंचन में अमृता देवी (जिन्होंने करीब तीन सौ साल पहले राजस्थान के खेजड़ली गांव में पेड़ों को कटने से बचाने के लिए अपनी तीन बेटियों के साथ बलिदान दे दिया था) की मुख्य भूमिका निभाने का मौका मिलता है। वंशिका के पापा और मम्मी भी उसे पर्यावरण संरक्षण के बारे में वन के महत्व और चिपको आंदोलन जैसी बहुत सी बातें बताते हैं, उसे प्रेरित करते हैं। कई भावुक और रोमांचक घटनाओं के साथ अंत में वंशिका बड़े साहस से अपने पापा को भी एक मुसीबत से बचाती है। पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रोचक तरीके से प्रस्तुत करता यह उपन्यास बच्चो, तुम्हें जरूर पसंद आएगा और अपने आस-पास के पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित भी करेगा। निश्चित ही इससे तुम भी अपने आस-पास के पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करोगे। *

**किताब :** हरियाली की ओर (बाल उपन्यास), **लेखिका :** मीनू त्रिपाठी, **मूल्य :** 140 रुपए, **प्रकाशक :** प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली



कहानी

डॉ. विमला भंडारी

मुन्ना एक दिन तेज गर्मी से बेहाल था। बिजली भी नहीं आ रही थी, जो उसे पंखे, एसी की हवा में राहत मिलती। मम्मी गर्मी की तेज धूप में उसे बाहर भी नहीं जाने दे रही थीं। मुन्ना को जब मम्मी ने इस भीषण गर्मी की वजह बताई तो उसने जो कोशिश की, वह कोशिश पर्यावरण संरक्षण के लिए हर बच्चे को करनी चाहिए।

# प्रकृति से दोस्ती



एआई इमेज

दोपहर में मुन्ने का जो रोना शुरू हुआ, थमने का नाम ही नहीं ले रहा था। गर्मी ने उसकी हालत खराब कर दी थी। उसका छोटा-सा चेहरा लाल हो गया था। पसीना बालों से टप-टप पानी की तरह गिर रहा था। वह बार-बार अपने नन्हे हाथ चेहरे पर ले जाकर पसीना पोंछता और रोते हुए कहता, 'उऊं मां... बहुत गर्मी लग रही है... अब क्या करें, कहां जाएं... इस गर्मी से कैसे छुटकारा पाएं? तुम बाहर भी नहीं निकलने देतीं... बिना दोस्तों के कैसे मन बहले?'

मां ने मुन्ना को गोद में उठाया और प्यार से सहलाते हुए बोलीं, 'चुप हो जा बेटा... लाइट भी चली गई है। देख, पंखा भी बंद है, फ्रिज भी... ऐसी गर्मी में तो...।'

'...तुम तो मुझे ठंडा पानी ही ला दो। जरा मुंह धो लूं और पी भी लूंगा।' मुन्ना बीच में ही बेचैन स्वर में बोला।

'अब ठंडा पानी कहां से लाऊं?' मां मुन्ने की तरफ देखते हुए बोलीं। पास में बैठा डॉग रॉकी भी हांफ रहा था। उसकी जीभ बाहर लटक रही थी। मुन्ना उसे देखकर बोला, 'मां, रॉकी को देखो, इसको क्या हो गया है? इसने क्यों जीभ बाहर निकाल रखी है? क्या इसको भी बहुत गर्मी लग रही है... यह भी मेरी तरह खेलने नहीं जा पा रहा...।'

मां ने गहरी सांस ली और बोलीं, 'बेटा, यह सिर्फ गर्मी नहीं है, यह तो हमारी गलती का नतीजा है।'

मुन्ना थोड़ी देर के लिए चुप हो गया। उसने मां को देखा, मां आसमान की ओर इशारा कर रही थीं। मुन्ना ने आसमान की ओर देखा, सूरज आग उगल रहा था। उसने पूछा, 'मां, क्या सूरज गुस्सा है?'

मां हंसी फिर बोलीं, 'सूरज गुस्सा नहीं है बेटा... लेकिन हमने धरती को इतना बदल दिया है कि अब गर्मी ज्यादा लगने लगी है। जब मैं छोटी थी, तब हमारे घर में बड़ा-सा आंगन होता था। उसमें नीम और आम के पेड़ होते थे। उनकी छांव इतनी ठंडी होती थी कि बिजली से चलने वाले पंखे की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। एसी और कूलर तो थे ही नहीं। केवल हाथ से चलने वाली छोटी पंखी होती थी। उसकी जरूरत भी कभी-कभी पड़ती थी।'

मां मुन्ने को पंखी की कहानी सुनाने लगीं कि वह कैसे धागे से कशीदा करके सुंदर-सुंदर पंखियां बनाती थीं। गर्मी को भूल कहानी में डूबे मुन्ना ने हैरानी से पूछा, 'क्या.. सच मां? फिर पानी ठंडा कैसे होता था? क्या उसको भी पंखी से हवा करते थे?'

मां ने पास रखी एक पुरानी मटकी की ओर इशारा किया, 'ऐसी ही मटकी में पानी रखते थे। इसमें पानी ठंडा रहता था। चाहे कितनी भी गर्मी हो, मटकी में हमेशा ठंडा पानी मिलता था। खूब ठंडे पानी के लिए गीला कपड़ा मटकी के चारों ओर लपेट देते थे और पेड़ की छाया के नीचे गीली मिट्टी में रख देते थे। इससे तो मटकी से बहुत ही ठंडा पानी मिलता था। मेरे ननिहाल में तो रात को पलंग के पास सुराही में पानी भरकर रखते थे।' 'यह सुराही क्या होती है मां?' मुन्ना ने आंखें झपकाते हुए पूछा।

'सुराही मिट्टी की बनी होती है। तुम्हारी वाटर बॉटल की तरह होती थी। इसमें भी मटकी की तरह बड़ा ठंडा पानी मिलता था। सब मिट्टी और पेड़ की माया थी।' मां मुन्ने को समझाते हुए बोलीं। मुन्ना धीरे-धीरे शांत होने लगा। उसने रॉकी की ओर देखा, वह भी कान खड़े किए मानो ठंडे पानी और ठंडी छाया की बात शांत मन से सुन रहा था। मुन्ना बोला, 'मां, अगर हम भी पेड़ लगाएंगे तो क्या फिर ठंडी छांव मिलेगी?'

मां के चेहरे पर हल्की मुस्कान आ गई, 'हां, बेटा, बिल्कुल मिलेगी। अगर हम पेड़ लगाएंगे, पानी बचाएंगे और प्रकृति का ध्यान रखेंगे, तो गर्मी भी कम लगेगी।'

अगले ही दिन, मुन्ना ने शावर नहीं चलाया और बाल्टी में पानी भर के नहाया। उसने बेसिन का नल भी खुला नहीं रखा, मुंह-हाथ धोने के बाद नल बंद कर दिया। मां बोली, 'आज गमले में एक पौधा लगाएंगे।'

'मां क्या आम का पेड़ लगाएंगे?' मुन्ना ने उत्साह से पूछा।

मां हंसते हुए बोलीं, 'हमारे घर अब छोटे हो गए हैं। यहां आम का पेड़ नहीं लगा सकते, पर गमले में किसी बेल का पौधा जरूर लगाएंगे, जो चारों तरफ बालकनी में फैल जाएगी और फिर हमें थोड़ी छाया और ठंडी हवा देगी। अगर तुम्हें पेड़ लगाना है तो घर के बाहर खाली मैदान में लगा सकते हो।' मुन्ने ने घर की बालकनी में गमले में बेल तो लगाई ही, मां के साथ मिलकर घर के बाहर की जमीन एक छोटा-सा पौधा लगाया। मुन्ना रोज उसे पानी देता और रॉकी उसकी रक्षा के लिए उसके पास बैठा रहता। कुछ दिनों बाद वह पेड़ बड़ा हो गया। मुन्ना ने मां से कहा, 'अब तो यह बड़ा होकर हमें छाया देगा ना!'

मां ने उसे गले लगाते हुए कहा, 'हां बेटा, यह पेड़ सिर्फ तुम्हारी पीढ़ी को ही नहीं, तुम्हारी अगली पीढ़ियों को भी छाया देगा। तुमने पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा की है। बेटा, तुमने एक बड़ा काम किया है।'

मुन्ना खुश था। अब उसे समझ आ गया था कि गर्मी से लड़ने का असली उपाय पंखा-एसी-फ्रिज नहीं, बल्कि प्रकृति से दोस्ती है। इस धरती और पर्यावरण को बचाना है, तो निरंतर हमें पेड़ लगाने होंगे। *

कविता

डॉ. उमेश चंद्र सिरसवारी



एआई इमेज

## मिलकर पर्यावरण बचाएं!

धरती मां की सुनो पुकार,
पेड़-पौधों से करो प्यार।
नदियां कहतीं, जल बचाओ,
आओ बच्चो कदम बढ़ाओ।
चिड़िया गाए, पवन मुस्काए,
हरी-भरी धरती हर्षाए।
सब मिलकर पौधे लगाएं,
सुंदर अपना भविष्य बनाएं।
कूड़ा न फेंकें इधर-उधर,
स्वच्छ रखें हर गली-डगर।
जल हो निर्मल शुद्ध हवा हो,
प्रदूषण कहीं भी न जरा हो।
धरा के रक्षक बनें सब बच्चे,
काम करें हम अच्छे-अच्छे।
गाएं, खेलें, हाथ मिलाएं,
सब मिलकर पर्यावरण बचाएं!

## जीके क्विज-208

1. हरे पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया में कौन-सी गैस उत्पन्न करते हैं?
2. पेड़ों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन किसके नेतृत्व में शुरू किया गया था?
3. ग्लोबल वार्मिंग का प्रमुख कारण कौन-सी गैस को माना जाता है?
4. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य की पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
5. अम्ल वर्षा किन गैसों के कारण होती है?
6. आईपीएल-2026 का फाइनल मैच किस टीम ने जीता?
7. आईपीएल के एक ही सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने का नया रिकॉर्ड किस भारतीय क्रिकेटर ने बनाया?
8. हाल ही में भारत का पांचवां पूर्ण साक्षर राज्य कौन बना है?
9. किस देश को हजारों झीलों का स्थान कहा जाता है?
10. भारतीय सशस्त्र बलों के नए सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) कौन बनाए गए हैं?



बच्चो, जीके क्विज-208 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-207 का उत्तर :** 1. दिल्ली, 2. यांग शुआंग जी, 3. केरल, 4. 21 जून, 5. यमुना, 6. कामी रीता शेरपा, 7. तारापुर, 8. डायबिटीज, 9. अमेजन वर्षा वन, 10. मध्य प्रदेश

**जीके क्विज-207 का सही उत्तर देने वाले :** पूरब-बिलासपुर, मोनू-गरियाबंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, कुणाल-रायपुर, तान्या-दुर्ग, सचिन-बालोद, हर्ष-महासमुंद, कबीर-हिसार, राजन-रायगढ़, अंकित-कटनी


## रंग भरो-203

**रंग भरो-203** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





वर्णिका, खैरागढ़



मान्या, बिलासपुर



साक्षी, दुर्ग



तन्मय, महेंद्रगढ़



श्रेया, दुर्ग



दीक्षांत, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, साक्षी-रायपुर, सिद्धि-राजनांदगांव, सौम्या-बालोद, साक्षी-रायपुर, आशुतोष-इंदौर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कोमल-जांजगीर, श्वेता-कटनी, अदिति-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, हेमंत-करनाल, सपना-बिलासपुर

## रंग भरो 204



बच्चो, इस चित्र में पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोनी नया पौधा लगा रही है। इस तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## भारतीय कृषि व्यवस्था के लिए विनाशकारी साबित होगी यह ट्रेड डील : मनदीप

# अमेरिका के साथ ट्रेड डील का विरोध, किसानों ने फूंके पुतले

*जमकर की नारेबाजी, राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा*

**किसान नेताओं ने कहा- समझौते के लागू होने से देसी फसलों के दाम औंधे मुंह गिरेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

केंद्र सरकार और अमेरिका के बीच प्रस्तावित कृषि एवं व्यापार समझौते के खिलाफ किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) और पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति, हरियाणा के संयुक्त बैनर तले वीरवार को किसानों ने फतेहाबाद में जोरदार प्रदर्शन किया गया। सैंकड़ों की संख्या में इकट्ठा हुए किसानों ने लघु सचिवालय के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद किसानों ने स्थानीय तहसीलदार के माध्यम से देश के राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे बीकेयू चढ़ूनी के जिला प्रधान रणजीत गिल और पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के जिला प्रधान ओम प्रकाश हसंगा ने संयुक्त रूप से केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखे प्रहार किए। किसान नेता मनदीप नथवान ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार ऐसी नीतियां लागू कर रही है जो देश के किसानों, मजदूरों और आम जनता के हितों के पूरी तरह खिलाफ हैं।



फतेहाबाद। लघु सचिवालय पर प्रदर्शन करते किसान।

### अन्नदाता चौतरफा मार झेल रहा

सचिवालय के बाहर एकत्र हुए किसानों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश का अन्नदाता पहले से ही चौतरफा मार झेल रहा है। खाद, बीज, कीटनाशक और डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। मौसम की बेरुखी और बेमौसम बारिश से फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं। मंडियों में किसानों को उनकी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य तक नसीब नहीं हो पा रहा है। नेताओं ने आरोप लगाया कि ऐसे गंभीर संकट के समय में सरकार देश के किसानों को राहत देने के बजाय अमेरिकी हितों और बड़ी विदेशी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए यह ट्रेड डील कर रही है, जो किसानों की पीठ में छुरा घोंपने जैसा है।

### किसानों की मांग, ट्रेड डील हो रद्द

तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि अमेरिका के साथ होने वाली इस किसान विरोधी ट्रेड डील को तुरंत रद्द किया जाए। भारतीय कृषि क्षेत्र को विदेशी कॉर्पोरेट के हस्तक्षेप से पूरी तरह सुरक्षित रखा जाए। देश के किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए। किसान नेताओं ने केंद्र सरकार को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि इस जनविरोधी और किसान विरोधी समझौते को वापस नहीं लिया गया, तो यह विरोध प्रदर्शन केवल फतेहाबाद तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में पूरे हरियाणा और देश स्तर पर एक बड़ा और निर्णायक आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह सरकार की होगी।

अमेरिका के साथ की जा रही यह प्रस्तावित डील भारतीय कृषि व्यवस्था के लिए विनाशकारी साबित होगी। यदि विदेशी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजारों में बिना किसी कड़े प्रतिबंध या टैक्स के खुली छूट दी गई, तो देश का छोटा और मध्यम वर्ग का किसान बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सामने टिक नहीं पाएगा। किसान नेताओं ने चिंता जताई कि इस समझौते के लागू होने से देसी फसलों के दाम औंधे मुंह गिरेंगे, जिससे किसानों को अपनी ही फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी।

## निकाले गए कर्मचारियों के समर्थन में उतरे जनसंगठन

**कॉलेज प्रबंधन की कार्रवाई को बताया तानाशाही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

एमएम कॉलेज फतेहाबाद की प्रबंधक कमेटी द्वारा कर्मचारियों को कथित तौर पर बिना किसी ठोस कारण के नौकरी से निकालने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, नागरिक अधिकार मंच और रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा ने इस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की है और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कॉलेज परिसर में धरने पर बैठे प्रभावित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विभिन्न जनसंगठनों के पदाधिकारियों ने कॉलेज प्रशासन के इस रवैये पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव रामनिवास शर्मा, जिला वरिष्ठ उप प्रधान विजय ढाका, ब्लॉक प्रधान राजपाल मिताथल, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सचिव बेगराज और नागरिक अधिकार मंच के संयोजक राजीव सेतिया व पार्षद मोहनलाल नारंग ने सांझा बयान में कहा कि कॉलेज में सेवादार, चौकीदार और माली जैसे पदों पर पिछले 11 से 20 वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे कर्मचारियों को रंजिश के तहत नौकरी से निकाल दिया गया है, जो सरासर अन्याय है।


फतेहाबाद। कॉलेज कर्मचारियों के धरने को समर्थन देने पहुंचे जनसंगठनों के कार्यकर्ता।

### भाविप ने स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**रतिया।** भारत विकास परिषद शाखा रतिया सेवा टोली द्वारा सुबह 6 बजे श्री राम पार्क, मॉडल टाउन रतिया में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कैम्प मे वरिष्ठ नागरिकों की संख्या अधिक रही, जिनकी ब्लड शुगर, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन जांच की गई। शिविर में शाखा अध्यक्ष राज सिंगला, शाखा संरक्षक डॉक्टर नरेश गोयल, गतिविधि संयोजक सेवा जनक राज गोयल, प्रकल्प प्रमुख सेवा टोली सदस्य अवतार ढींगरा, गतिविधि संयोजक संपर्क नरेंद्र मलिक, गतिविधि संयोजक पर्यावरण नीतीश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विनोद जैन, विनोद गर्ग निकू, डॉ. दीपक गोयल, सचिन तनेजा उपस्थित थे।

## महंगाई पर नियंत्रण के लिए कदम उठाए सरकार: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज देश में महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है और आम आदमी के लिए घर चला पाना मुश्किल हो गया है। शर्मा ने कहा कि खाद्य पदार्थों से लेकर रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक लगभग हर जरूरी चीज के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे हालात में आम आदमी के लिए दो वक्त की रोटी का बंदोबस्त कर पाना तलवार की धार पर चलने जैसा हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। सरकार के बड़े-बड़े दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर दिखाई देता है। जनता को राहत देने के बजाय सरकार केवल बयानबाजी कर लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है। शर्मा ने कहा कि बढ़ती महंगाई का सबसे अधिक असर गरीब, मजदूर, किसान, कर्मचारी और मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है। सरकार की नीतियों का लाभ कुछ बड़े उद्योगपतियों और अमीर वर्ग को ही मिल रहा है।

## शिक्षा व खेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर कैबिनेट मंत्री से मिले पूर्व विधायक लक्ष्मण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

रतिया के पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा ने हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री गौरव गौतम से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने रतिया क्षेत्र में शिक्षा और खेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से उठाया। पूर्व विधायक ने मंत्री का ध्यान क्षेत्र की दो बड़ी और बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं की ओर आकर्षित करते हुए उन्हें जल्द पूरा करने का आग्रह किया। पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा ने कैबिनेट मंत्री के समक्ष मुख्य रूप से दो मांगें रखीं। पहली मांग के तहत उन्होंने बताया कि गाँव जाखनदादी में निर्माणाधीन आईटीआई संस्थान के भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। युवाओं के भविष्य को देखते हुए उन्होंने आग्रह किया कि जब तक भवन पूरी तरह तैयार नहीं होता, तब तक इसकी कक्षाएं वैकल्पिक रूप से बाइट संस्थान में प्रारंभ करवा दी जाएं, ताकि स्थानीय युवाओं को तकनीकी शिक्षा का लाभ तुरंत मिल सके। दूसरी मांग में उन्होंने जाखनदादी में ही बनने वाले प्रस्तावित खेल स्टेडियम के निर्माण कार्य में आ रही तकनीकी व अन्य अड़चनों को दूर कर इसका काम जल्द शुरू करवाने का आग्रह किया, ताकि क्षेत्र के खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं मिल सकें।


रतिया। मंत्री से बातचीत करते पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा।

### समाधान शिविर में एडीसी ने सुनी जन शिकायतें

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने वीरवार को समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने भी आमजन की पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें सुनी। जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में 12 व डबवाली उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में छह शिकायतें आई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का एक ही स्थान पर सुनवाई कर उनका शीघ्र निपटारा करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयावधि में उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा समाधान के उपरांत एटीआर में संपूर्ण जानकारी दर्ज करें।

### धान की सीधी बिजाई मशीन पर अनुदान के लिए आवेदन आमंत्रित

**सिरसा।** खरीफ सीजन में धान की सीधी बिजाई मशीन (डीएसआर) पर अनुदान प्राप्त करने के लिए किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक किसान कृषि विभाग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस सिलसिले में कृषि उप निदेशक डॉ. सुखदेव सिंह ने बताया कि परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में से केवल एक सदस्य ही मशीन पर अनुदान के लिए आवेदन कर सकता है। साथ ही, जिस किसान ने पिछले तीन वर्षों में डीएसआर मशीन पर अनुदान का लाभ लिया है, वह इस योजना के लिए पात्र नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आवेदक किसानों के लिए मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। योजना संबंधी अधिक जानकारी के लिए किसान किसी भी कार्य दिवस पर उप कृषि निदेशक कार्यालय, सिरसा अथवा सहायक कृषि अभियंता कार्यालय, सिरसा में संपर्क कर सकते हैं।

## बलवान सिंह ने संभाला रतिया के नायब तहसीलदार का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

तहसील में नायब तहसीलदार विचित्रनंद के तबादले के बाद खाली चल रहे पद पर वीरवार को बलवान सिंह अहलावत ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। मूल रूप से जींद के जुलाना खंड के रहने वाले बलवान सिंह अहलावत इससे पहले जींद में ऑफिस कानूनगो के पद पर कार्यरत थे, जिन्हें हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा प्रमोट किया गया है। पदोन्नति के बाद नायब तहसीलदार के रूप में यह उनकी पहली नियुक्ति है। कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में नायब तहसीलदार बलवान सिंह अहलावत ने कहा कि वह स्वयं एक गरीब किसान परिवार से संबंध रखते हैं। जमीनी स्तर से जुड़े होने के कारण वह आमजन और किसानों की हर छोटी-बड़ी समस्या से भली-भांति वाकिफ हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों को विश्वास दिलाया कि वह पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ कार्य करेंगे।



### अधिकारियों के साथ ली बैठक

उन्होंने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति को उनके कार्यालय से संबंधित कोई समस्या है, तो वह किसी बिचौलिए के बजाय सीधे उनसे आकर मिल सकता है, जिसका तुरंत समाधान किया जाएगा। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद नायब तहसीलदार ने तहसील कार्यालय के कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक ली। बैठक में उन्होंने कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय में आने वाले हर आम व खास व्यक्ति के साथ शिष्टाचार पूर्वक बर्ताव किया जाए और उनके कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

## शहीद दविन्द्र सिंह राजकीय महिला कॉलेज में दाखिले के लिए 15 तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष बी.ए. एवं बी.कॉम. में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जून कर दी गई है। शहीद दविन्द्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रतिया के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि जिन छात्राओं ने अभी तक प्रवेश के लिए आवेदन नहीं किया है, वे हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकुला के विभागीय पोर्टल पर जाकर या महाविद्यालय में आकर निर्धारित तिथि तक अपना ऑनलाइन आवेदन अवश्य पूरा कर लें।प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में छात्राओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी प्राध्यापक वर्ग, समृद्ध पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब, खेल सुविधाएं तथा सुरक्षित एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। इसके साथ ही कॉलेज में विभिन्न सह-पाठयक्रम एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने क्षेत्र की छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस बढ़ी हुई तिथि का लाभ उठाएं और समय रहते अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी करें। इसके अलावा उन्होंने महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं पूर्व छात्राओं से भी अनुरोध किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें।

## सैनी धर्मशाला को 15-20 लाख की सहायता

### सैनी समाज की मांग पर विधायक जरनैल सिंह ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

सैनी समाज के आमंत्रण पर रतिया के विधायक जरनैल सिंह शहर के वार्ड नंबर 6 में स्थित सैनी धर्मशाला पहुंचे। इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और क्षेत्र के विकास व जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान सैनी समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक को एक मांग पत्र सौंपकर धर्मशाला के अधूरे विकास कार्यों को पूरा करवाने का आग्रह किया। समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक को बताया कि यह धर्मशाला सामाजिक, धार्मिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों का प्रमुख केंद्र है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कई आवश्यक कार्य लंबे समय से अधूरे पड़े हैं। समाज की इस जायज मांग को स्वीकार करते हुए विधायक जरनैल सिंह ने अपने विधायक कोटे से सैनी धर्मशाला के विकास के लिए लगभग 15 से 20 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की।

विधायक ने समाज को आश्वस्त किया कि धर्मशाला के विकास कार्यों को किसी भी सूरत में अधूरा नहीं रहने दिया जाएगा और आवश्यकता पडऩे पर अतिरिक्त सहयोग भी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाएं आपसी एकता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सैनी समाज हमेशा से क्षेत्र के विकास और सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी रहा है।


रतिया। विधायक जरनैल सिंह को मांग पत्र सौंपते सैनी समाज के प्रतिनिधि।



### शिवपुरी में सबमर्सिबल पंप का उद्घाटन सरपंच की पहल को ग्रामीणों ने सराहा

**भट्टूकलां।** गांव रामसरा की शिवपुरी में ग्राम पंचायत द्वारा लगवाए गए सबमर्सिबल पंप का उद्घाटन सरपंच प्रतिनिधि पवन बंसल ने किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षी सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। शिवपुरी में स्वयंसेवकों द्वारा लगाए गए फूल-पौधों की सिंचाई तथा पशु-पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह सबमर्सिबल पंप स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से पौधों को नियमित रूप से पानी उपलब्ध होगा, जिससे वे हरे-भरे रहेंगे और परिसर की सुंदरता में वृद्धि होगी। साथ ही भीषण गर्मी के इस मौसम में बेजुबान पशु-पक्षियों को भी आसानी से पानी की सुविधा मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी सरपंच द्वारा शिवपुरी के विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए ट्री गार्ड, पानी की मोटर तथा पौधों की सिंचाई हेतु पाइपलाइन जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा चुकी हैं। उद्घाटन के अवसर पर गांव के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खैरेकां में मनाया विश्व साइकिल दिवस



**सिरसा।** मेरा युवा भारत केंद्र सिरसा के तत्वावधान में युवा क्लब लक्ष्य खैरेकां द्वारा विश्व साइकिल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया इस अवसर पर युवाओं को साइकिल के महत्व, स्वास्थ्य लाभ, पर्यावरण संरक्षण तथा ईंधन बचत के प्रति जागरूक किया गया। युवाओं ने नियमित रूप से साइकिल चलाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया और संदेश दिया साइकिल अपनाएं, स्वास्थ्य बढ़ाएं पर्यावरण बचाएं, भविष्य संवारें। इस दौरान यूथ क्लब एसोसिएशन हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष लवप्रीत खैरेका, पूजा वर्मा,नवजोत रंधावा, संदीप गुच्छा, पवन बिश्नोई, राकेश, जनक, पंकज, देवेंद्र, संदीप, नवनवीन, शेरसिंह इत्यादि मौजूद रहे।

## किसानों ने सिंचाई विभाग के एसडीओ को सौंपा मांग पत्र

# टेल तक पानी न पहुंचने से कपास की बिजाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले के भट्टू क्षेत्र में सिंचाई के पानी की किल्लत से जूझ रहे किसानों में काफी रोष है। क्षेत्र के गांव ढाबी खुर्द और जांडवाला बागड़ के दर्जनों किसानों ने गुरुवार को सिंचाई विभाग के कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर जोरदार आवाज उठाई। किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में लामबंद हुए किसानों ने सिंचाई विभाग के उपमंडल अधिकारी प्रवीण वर्मा से मुलाकात की और उन्हें एक लिखित मांग पत्र सौंपकर जल्द से जल्द समाधान करने की गुहार लगाई। एसडीओ को सौंपे गए मांग पत्र में किसानों ने मुख्य रूप से ढाबी खुर्द माईनर पर 40000 राइट मोगा जांडवाला बागड़ के अंतिम छोर (टेल) तक पर्याप्त मात्रा में सिंचाई और पीने का पानी पहुंचाने की मांग रखी। किसानों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि ढाबी खुर्द माईनर में जांडवाला बागड़ के अंतिम छोर पर बैठे किसानों को बीते मार्च महीने से ही नाममात्र का पानी मिल रहा है। पानी की इस भारी किल्लत के कारण किसानों की कपास और नरमा की बिजाई का काम पूरी तरह अटक गया है। यदि समय रहते पानी नहीं मिला, तो बिजाई में काफी देरी हो जाएगी, जिसका सीधा असर फसल के उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा। किसानों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि नहरों की समय पर सफाई न होना इस समस्या की बड़ी वजह है।


फतेहाबाद। सिंचाई विभाग के एसडीओ को ज्ञापन सौंपते किसान।

### ढाबी खुर्द माईनर की सफाई की मांग

किसानों ने मांग की है कि ढाबी खुर्द माईनर की तुरंत प्रभाव से पूरी सफाई करवाई जाए। जांडवाला बागड़ के अंतिम छोर (टेल) तक किसानों के हिस्से का पूरा पानी सुनिश्चित किया जाए। नहरों पर सिंचाई विभाग की गश्त बढ़ाई जाए ताकि रास्ते में हो रही पानी की अवैध चोरी को रोका जा सके। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सिंचाई विभाग के एसडीओ प्रवीण वर्मा ने उन्हें आश्वस्त किया कि विभाग इस मामले में त्वरित कार्रवाई करेगा।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने बीएलओ और सुपरवाइजरों की बैठक ली

**टोहाना।** हरियाणा में शुरू किए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर अभियान को लेकर एसडीएम आकाश शर्मा ने बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइजर्स की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अभियान की तैयारियों, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा घर-घर सत्यापन कार्य की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत 5 जून से 14 जून तक बीएलओ और संबंधित कर्मचारियों का प्रशिक्षण एवं अन्य प्रशासनिक तैयारियां पूरी की जाएंगी। इसके बाद 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जाएगा।

### भूमि विवाद में हमले के पांच आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जमीन की रंजिश को लेकर एक व्यक्ति पर लाठी-डंडों व रॉड से जानलेवा हमला करने और गाड़ी में तोड़फोड़ करने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने वारदात में शामिल 5 मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बहबलपुर निवासी अमरजीत और जिला सिरसा के कलावाली निवासी अनिल उर्फ डम, गगन उर्फ आकाश, गुरदास व विनोद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई एक कार भी बरामद कर ली है। थाना सदर प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि बहबलपुर निवासी गुरमीत सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी।

### जमीनी विवाद में भतीजे ने चाचा को पीटा

**फतेहाबाद।** आदमपुर क्षेत्र के गांव चूली खुर्द निवासी भतीजे ने दोस्तों के साथ मिलकर फतेहाबाद में आ रहे चाचा पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे चाचा को गंभीर चोटें आई है। घायल अवस्था में चाचा को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में दाखिल करवाया गया। घायल चाचा फतेहाबाद के भट्टू कस्बे में स्टेशनरी की दुकान चलाता है। पुलिस ने घायल दुकानदार कर्ण सिंह बैनीवाल की शिकायत पर उसके भतीजे देवेंद्र और उसके एक साथी कुलदीप पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच जारी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव चूली खुर्द निवासी कर्ण सिंह ने बताया कि वह भट्टू मंडी में स्टेशनरी की दुकान करता है।

### पेयजल की बर्बादी पर विभाग सख्त, 23 को दिया नोटिस

# पानी की बर्बादी रोकने के लिए विभाग ने अधिकारियों को फील्ड में उतारा

■ टीम ने शहरवासियों से अपील की कि वे इस भीषण गर्मी में पानी का सही इस्तेमाल करें और उसे व्यर्थ होने से बचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

गर्मी के मौसम को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने पानी की बर्बादी रोकने के लिए सख्त रुख अपनाया है। विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की संयुक्त टीम द्वारा सिरसा शहर व ग्रामीण क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया।

गांव साहुवाला प्रथम में बागवानी व सब्जी में पेयजल सप्लाई के मामले में 11 को नोटिस दिया है। वहीं सिरसा शहर के ऑटो मार्केट से कंगनपुर एरिया क्षेत्र में पानी को व्यर्थ बहाने के मामले में 12 पशुपालकों को नोटिस जारी किया गया है।

अभियान के दौरान टीम ने शहर में पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। भैंस डेयरी फार्म द्वारा अत्यधिक पानी बर्बाद करने पर मौके पर ही नोटिस जारी किया गया और संचालकों को पानी के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही उन घरों को भी नोटिस दिए गए जिन्होंने अवैध रूप से जन स्वास्थ्य विभाग के पेयजल से बागवानी का कार्य किया हुआ था। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी कि पेयजल का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए किया जाए, बागवानी या अन्य व्यावसायिक कार्यों के लिए नहीं।

डब्ल्यूएसएसओ से जिला सलाहकार राकेश सोगलान, बीआरसी राजेश कुमार, बलदेव राज, सीता राम व प्रेम सहारन मौजूद रहे। टीम ने शहरवासियों से अपील की कि वे इस भीषण गर्मी में पानी का सही इस्तेमाल करें और उसे व्यर्थ होने से बचाएं। विभाग ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जल संरक्षण में जनभागीदारी बेहद जरूरी है। पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



सिरसा। पानी की बर्बादी करने पर चेतावनी देते विभागीय कर्मचारी।

### सर्विस स्टेशन संचालक बंद करें पेयजल का दुरुपयोग

शर्मा चंद लाली ने चेतावनी दी है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई से पानी के जितने भी गाड़ी धोने के सर्विस स्टेशन चल रहे हैं, वे उन्हें तुरंत प्रभाव से बंद कर दें। विभाग जल्द ही विशेष टीमें बनाकर ऐसे स्थानों को चिह्नित करेगा और उनके खिलाफ ठोस विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विभाग ने ग्रामीणों से जल संरक्षण को एक सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में लेने की अपील की है। जिला सलाहकार ने घोषणा की कि जिस भी गांव के 10-15 ग्रामीण, युवा, महिलाएं और पंचायत प्रतिनिधि जल संरक्षण अभियान में साथ देंगे, उन पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर यह अभियान चलाया जाएगा ताकि कोई भी घर पीने के पानी से वंचित न रहे। इस पूरी कार्रवाई और निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ अभियंता छोटू राम, सरपंच मलकीत सिंह, खंड संयोजक छिंद राम, पृथ्वी सिंह, नफे सिंह, श्री राम, कला राम, संदीप कुमार, रूप सिंह और हरप्रीत सिंह सहित गांव के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### 32 अवैध कनेक्शन काटे, 43 को नोटिस

**फतेहाबाद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरक्षण को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ा रुख अपना लिया गया है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत हड़ोली में पीने के पानी की किल्लत की शिकायत मिलने पर विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। गांव में पेयजल की मुख्य सप्लाई से सब्जी, हरे चारे की सिंचाई करने और अवैध सर्विस स्टेशन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 32 कनेक्शन काट दिए गए हैं, जबकि 43 घरों को नोटिस जारी किए गए हैं। इसके साथ ही जलघर में सफाई अभियान भी जोर-शोर से शुरू कर दिया गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि हड़ोली गांव की महिलाओं और ग्रामीणों ने पेयजल किल्लत की समस्या उनके सामने रखी थी। इसके समाधान के लिए जब विभाग के अधिकारियों की पूरी टीम गांव पहुंची, तो स्थिति हैरान करने वाली थी। ग्रामीणों ने पीने के पानी की सप्लाई का उपयोग हरे चारे, सब्जी और सर्विस स्टेशनों के लिए किया हुआ था। इसके अलावा कई घरों में पानी के नल खुले चल रहे थे, जिसके कारण बाकी घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा था। जिला सलाहकार ने बताया कि हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा के आदेशानुसार, जिले की सभी पंचायतों में असुरक्षित और अवैध कनेक्शनों को चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है। हड़ोली गांव में अब घर-घर जाकर खुले नलों को बंद करवाया जा रहा है और जिन घरों में टोटियां (टैप) नहीं लगी हैं, वहां टोटियां लगवाई जा रही हैं। अभियान के दौरान गांव की सभी लीकेज भी ठीक करवाई जाएंगी।



सिरसा। छात्राएं योगाभ्यास करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# मन, आत्मा को नियंत्रित करता है योगः नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय महिला महाविद्यालय में वीरवार को जीवन में योग का महत्व विषय पर विस्तार व्याख्यान हुआ, जिसमें आयुष विभाग के जिला योग समन्वयक डॉ. सुरेंद्रपाल नागर मुख्य वक्ता थे। योग सहायक निशा, आईना, प्रीति एवं हेमलता ने छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को विभिन्न योगाभ्यासों, प्राणायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण योग टिप्स प्रदान किए। उन्होंने योग के नियमित अभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी भी दी। डॉ. सुरेंद्रपाल नागर ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जिसका इतिहास हजारों वर्षों पुराना है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन पद्धति है जो व्यक्ति के मन, शरीर और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित करती है। उन्होंने बताया कि योग के नियमित अभ्यास से व्यक्ति तनाव, चिंता, अवसाद तथा अनेक शारीरिक रोगों से मुक्ति पा सकता है। योग मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है तथा व्यक्ति को स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में योग की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने छात्राओं से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास संभव है। कार्यक्रम के दौरान योग विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का व्यवहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. प्रीत कौर, प्रो. विक्रमजीत सिंह, प्रो. मोहिना, प्रो. किरणबाला, प्रो. कपिल कुमार सैनी सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षक, गैर-शैक्षणिक कर्मचारी भी मौजूद थे।

# मानसून से पहले प्रशासन अलर्ट, एसडीएम ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

आगामी मानसून सीजन को देखते हुए प्रशासन ने बाढ़ बचाव तैयारियों को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने वीरवार को चिम्मो साइफन, घासवा हैड सहित विभिन्न बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा एवं बचाव प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां कहीं भी तटबंधों या रिंग बांधों में कमजोरी दिखाई दे रही है, वहां तत्काल मुरम्मत कार्य करवाकर उन्हें मजबूत किया जाए, ताकि बरसात के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।



रतिया। बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा करते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

### एसडीएम ने दिए निर्देश

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूर्व तैयारियां बेहद जरूरी हैं। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन करें और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी बनाए रखें। उन्होंने नालों, ड्रेनों और नदी किनारों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जल निकासी व्यवस्था सुचारु रहनी चाहिए, ताकि बारिश के दौरान कहीं भी जलभराव की स्थिति पैदा न हो। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से बाढ़ नियंत्रण से संबंधित तैयारियों की विस्तृत जानकारी भी ली। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र की ड्रेनों की व्यापक सफाई करवाई जा रही है। ड्रेनों में उगी घास-फूस, गाद और अन्य अवरोधों को पोकलेन मशीनों की सहायता से हटाया जा रहा है, जिससे पानी का प्रवाह निर्बाध बना रहे। एसडीएम ने तटबंधों और रिंग बाँधों की नियमित निगरानी करने तथा आवश्यकता पडने पर तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### अग्रवाल वैश्य समाज की फतेहाबाद विस इकाई के अध्यक्ष बने शिव लाल

**फतेहाबाद।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के निर्देशों पर व प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने महिला प्रदेश अध्यक्ष सुशीला सर्राफ से विचार विमर्श करने के बाद फतेहाबाद विधानसभा इकाई का गठन किया है। जिला महासचिव वीरेंद्र जैन ने बताया कि जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने शिव लाल गुप्ता को विधानसभा अध्यक्ष, अजय मंगल को विधानसभा महासचिव व मनोज सिंगला को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशों के अनुसार जल्द ही टोहाना विधानसभा इकाई और जिला इकाई का भी गठन कर दिया जाएगा और जिले में सामाजिक व गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा।

# जिले में 81 प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापनः एडीसी

शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने कहा कि जिले के दस लाख पांच हजार 598 मतदाताओं में से आठ लाख 13 हजार 583 मतदाताओं का सत्यापन किया जा चुका है, जबकि एक लाख 92 हजार 15 मतदाताओं का सत्यापन शेष है। जिले में अब तक करीब 81 प्रतिशत सत्यापन कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है। एडीसी गुरुवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर तहसीलदार चुनाव हनुमान दास भी मौजूद रहे।

एडीसी ने बताया कि जिले के 996 मतदान केंद्रों पर 996 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की नियुक्ति की गई है जिनके माध्यम से मतदाताओं की पहचान और विवरण के सत्यापन का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान अपात्र, मृत अथवा स्थानांतरित व्यक्तियों के नामों को हटाकर पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने की वैधानिक प्रक्रिया है। हरियाणा में इस पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए 1 जुलाई 2026 को अर्हता तिथि निर्धारित किया गया है।



सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते एडीसी अर्पित संगल।

### एडीसी ने दी जानकारी

जिन नागरिकों की आयु 1 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष या उससे अधिक हो जाएगी, वे भी मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकेंगे। एडीसी अर्पित संगल ने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 5 जून से 14 जून तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण और तैयारियां पूरी की जाएंगी। इसके बाद 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाएंगे। उन्होंने बताया कि घर-घर सत्यापन अभियान के दौरान बीएलओ प्रत्येक परिवार से संपर्क करेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों का पुर्नगठन कार्य 14 जुलाई तक पूरा किया जाएगा। 21 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होगी, जबकि 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।



फतेहाबाद। मंडी में पक्षियों के लिए सकोरे लगाते क्लब सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# पक्षियों के लिए लगाए सकोरे गर्मी में मिलेगा पानी का सहारा

■ लोगों से अपने घरों, दुकानों और संस्थानों के बाहर भी पक्षियों के लिए पानी रखने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भीषण गर्मी के बीच पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से संत कबीर युवा क्लब द्वारा फतेहाबाद की पुरानी और नई अनाज मंडी में पक्षियों के लिए सकोरे लगाए गए। इस दौरान क्लब सदस्यों और गणमान्य लोगों ने पक्षियों के संरक्षण और सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र खटक, उप प्रधान राजू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर धर्मेन्द्र खटक ने कहा कि बढ़ती गर्मी में पक्षियों को पानी की भारी आवश्यकता होती है। ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जीव-जंतुओं की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि संत कबीर युवा क्लब के सदस्य समय-समय पर इन स्कोरों में पानी भरने की व्यवस्था भी करेंगे, ताकि पक्षियों को लगातार स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने लोगों से अपने घरों, दुकानों और संस्थानों के बाहर भी पक्षियों के लिए पानी रखने की अपील की। क्लब के इस सराहनीय प्रयास की मंडी क्षेत्र के लोगों ने प्रशंसा करते हुए इसे पर्यावरण और जीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

# भ्रूण जांच व अवैध एमटीपी बिक्री पर रखें निगरानी : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने वीरवार को लघु सचिवालय में पीएनडीटी एक्ट तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक ली। बैठक में संबंधित विभागों द्वारा जिले में लिंगानुपात सुधार एवं कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि प्रत्येक गर्भवती महिला का रिकॉर्ड समय पर उपलब्ध हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर भ्रूण जांच किए जाने की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए तथा ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रखी जाए।



सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी। फोटो: हरिभूमि



फतेहाबाद। बैठक में विधायक का स्वागत करते जिलाध्यक्ष व पूर्व सांसद।

# भाजपा की मजबूती का आधार हैं बूथ अध्यक्ष, संगठन विस्तार में निभाएं सक्रिय भूमिका : निखिल मदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा द्वारा रतिया विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक विषयों को लेकर बूथ अध्यक्षों की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे सोनीपत के विधायक एवं रतिया विधानसभा प्रभारी निखिल मदान और पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक निखिल मदान ने कहा कि भाजपा अपने बूथ स्तर की मजबूती के कारण ही विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है। उन्होंने कहा, प्रत्येक बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ है, जो संगठन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने और जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया।

### रानियां में चला स्वच्छता का महाअभियान

**रानियां।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका रानियां द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।



नगर पालिका चेयरमैन मनोज सचदेवा के नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान के तहत वार्ड नंबर-9 और सिरसा रोड क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किया गया। अभियान के दौरान नगर पालिका कर्मचारियों ने सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों से कचरा हटाकर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया। इसके साथ ही लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने का संदेश दिया गया।

### भगवान वामन अवतार व श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग सुनाया

**सिरसा।** स्वर्णकार समाज की ओर से आयोजित की जा रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचिका डॉ. राधिका ने भगवान वामन अवतार और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का प्रसंग सुनाया। भगवान वामन अवतार का प्रसंग सुनाते हुए कथावाचिका ने बताया कि भागवताचार्यों के अनुसार, प्रहलाद के पौत्र दानवराज राजा बलि ने अपने पराक्रम से तीनों लोकों पर विजय प्राप्त कर ली थी। देवताओं की रक्षा और इंद्र का राज्य वापस दिलाने के लिए भगवान विष्णु ने वामन (बौने ब्राह्मण) का रूप धारण किया था। वामन देव ने राजा बलि से दान में केवल तीन पग भूमि मांगी। भगवान ने विराट रूप धारण कर पहले पग में पूरी पृथ्वी और दूसरे पग में स्वर्ग (सृष्टि) को नाप लिया।



### जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सोसायटी की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

# स्वास्थ्य योजनाओं का हो बेहतर क्रियान्वयनः अतिरिक्त उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सोसायटी (डीएचएस) की बैठक वीरवार को आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की गतिविधियों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, परिवार कल्याण, टीकाकरण, एनीमिया नियंत्रण अभियान, रेफरल ट्रांसपोर्ट सेवा, ई-संजीवनी टेली-कंसल्टेशन तथा स्वास्थ्य संस्थानों में मानव संसाधन एवं आधारभूत ढांचे की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और किशोर-किशोरियों से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार के लिए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।



सिरसा। जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सोसायटी की बैठक लेते एडीसी। फोटो: हरिभूमि

### इन कार्यक्रमों की समीक्षा की गई

बैठक में मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, संस्थागत प्रसव, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान, परिवार नियोजन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजनाओं तथा टीकाकरण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान तथा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जननी सुरक्षा योजना के तहत पात्र महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार, उप सिविल सर्जन डॉ. राजेश चौधरी, डॉ. विपुल गुप्ता, डॉ. संदीप, उप सिविल सर्जन डॉ. भारत भूषण, डॉ. रॉकी बंसल, राज कुमार, किशोरावस्था परामर्शदाता कमल कक्कड़, प्रीतम (डीएमईओ), योगेश खन्ना, डॉ. अंकुर कटारिया सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।